संख्या-01/2020/01जेड/6-सा-3-2020-61जी/85

प्रेषक,

राजन शुक्ला,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

राजनैतिक पेंशन अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक 07 जनवरी,2020

विषय- दिवंगत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अन्तिम संस्कार हेतु दिये जाने वाले अनुदान में वृद्धि।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-भा०स०-02/6-सा-1-04-64जी/82 दिनांक 02-06-2004 एवं शासनादेश संख्या-174जेड/6-सा-1-07-61जी/85 दिनांक 22-01-2007 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल, दिवंगत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के दाह संस्कार हेतु दिये जाने वाले शासकीय अनुदान रू0 5000/- (रूपये पॉच हजार मात्र) की धनराशि को बढ़ाकर रू0 12000/- (रूपये बारह हजार मात्र) किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2- यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी माना जायेगा।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह भी कहना है कि पूर्व में निर्गत संगत शासनादेशों में उल्लिखित अन्य व्यवस्थायें/प्राविधान यथावत् रहेंगे। कृपया तद्नुसार कार्यवाही सुनिश्चित् करें।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या-ई-12-19/दस-2020 दिनांक 07.01.2020 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

राजन शुक्ला
प्रमुख सचिव।

क्रमश-2

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-01/2020/01जेड/6-सा-3-2020,तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित;

1- महालेखाकार, उ०प्र० इलाहाबाद।
२- निदेशक/सचिव, उत्तर प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद, लखनऊ।
3- समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
4- समस्त कोषाधिकारी उत्तर प्रदेश।
5- निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश।
6- राजनैतिक पेंशन अनुभाग-1/2 एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
7- मंत्री, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण संस्थान लखनऊ।
8- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12 उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ।
9- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ।
10- गोपन अनुभाग-1 उत्तर प्रदेश शासन को उनके पत्र संख्या-4/2/31/2019-सी0 एक्स0(1) दिनांक 31-12-2019 के सन्दर्भ में।
11- गार्डबुक।

आज्ञा से,

सूर्य कुमार
संयुक्त सचिव।

http://shasandesh.up.nic.in